# उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्

संयुक्त प्रवेश परीक्षा एवं प्रशिक्षण अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ, अपर आमवाला देहरादून (Website : www.ubter.in, www.ubtergd.in)

## माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में समूह 'घ' (Group-D) भर्ती – 2019

विज्ञापन सं0 1297 / उप्राशिप / उ0न्या0नैनी0 / स0घ0 / 2019–20 दिनांकः 9 दिसम्बर 2019

मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में समूह 'घ' भर्ती परीक्षा–2019" हेतु आन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। मा0 उच्च न्यायालय में समूह 'घ' के पदों हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। **परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में किया जायेगा।** अभ्यर्थियों को आंवटित परीक्षा केन्द्रों / परीक्षा तिथि की सूचना उन्हें प्रवेश पत्र के माध्यम से उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद, द्वारा दी जायेगी। किसी भी अभ्यर्थी को परिषद द्वारा जारी प्रवेश पत्र के बगैर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। आनलाईन आवेदन सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | 09 दिसम्बर 2019 (सोमवार) |
| वेबसाईट www.ubter.in अथवा www.ubtergd.in पर आनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि | 10 दिसम्बर 2019 (मंगलवार) |
| वेबसाईट www.ubter.in अथवा www.ubtergd.in पर आनलाईन आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit Card/Credit Card द्वारा जमा एवं भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 04 जनवरी 2020 (शनिवार) |
| लिखित परीक्षा की प्रस्तावित तिथिः–<br>(अभ्यर्थियों की वास्तविक संख्या के अनुसार निर्धारित होगी) | 02 फरवरी 2020 (रविवार) |

01. अभ्यर्थी को आवेदन करने के लिये उपरोक्तानुसार तिथियों में ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। लिखित परीक्षा का आयोजन निम्नानुसार परीक्षा शहरों में किया जायेगाः–

| परीक्षा शहर कोड | परीक्षा शहर का नाम |
|---|---|
| 01 | देहरादून |
| 02 | हल्द्वानी |

02. **रिक्तियों की संख्याः**–रजिस्ट्रार जनरल मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल के पत्र संख्या 7414 / I-a-6(Group-D)/2019 दिनांक 16 नवम्बर 2019 के माध्यम से प्राप्त अधियाचन के क्रम में मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में समूह 'घ' के पदों का विवरण निम्नानुसार हैः–

### मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में समूह 'घ' के रिक्त पदों का विवरण

| पदनाम | श्रेणी | OP | WO | DFF | EX | PH | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **CLASS-IV** | SC | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| | ST | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| | OBC | 9 | 5 | 0 | 1 | 1 | 16 |
| | EWS | 6 | 3 | 0 | 0 | 0 | 9 |
| TOTAL | | | | | | | 37 |

OP-Open, SC- Scheduled Caste, ST- Scheduled Tribe, EWS- Economically Weaker Sections, Wo-Women, DFF- Dependent of Freedom Fighters, EX- Ex-Army Man, PH-Physically Handicapped

विशेष नोटः– ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व अभ्यर्थी रिक्तियों का अवलोकन ध्यानपूर्वक कर लें एवं उसी श्रेणी / उपश्रेणी में आवेदन करें जिसके लिये वे अर्ह हैं।

03. **अनिवार्य अर्हता एवं शैक्षिक अर्हताः**–

क. कोई भी व्यक्ति उच्च न्यायालय के अधिष्ठान में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह भारत का नागरिक न हो।

ख. अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ (8) उत्तीर्ण होनी चाहिये।

04. **आयुः**– अभ्यर्थी की आयु दिनांक 1–1–2019 को 18 वर्ष से कम और 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

